# घाटों पर स्वच्छता के लिए नगर निगम ने तैनात की क्षिप्रा कवच टीम

**पंचक्रोशी यात्रा की तैयारियों को देखा, 118 किलोमीटर की होती है पैदल यात्रा**




**उज्जैन।** हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर नगर निगम द्वारा क्षिप्रा नदी के घाटों की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने के लिए जो विशेष पहल की उसका अब क्रियान्वयन किया गया। नगर निगम ने घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं को जागरूक करने के उद्देश्य से क्षिप्रा कवच टीम का गठन किया है। जो प्रतिदिन घाटों पर तैनात रहकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है।

नगर निगम द्वारा गठित यह टीम श्रद्धालुओं और आगंतुकों से निवेदन कर रही है कि वे अपनी पूजन सामग्री क्षिप्रा नदी में प्रवाहित करने के बजाय घाटों पर बनाए गए निर्माल्य कुंड में ही विसर्जित करें। साथ ही घाटों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए भी लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है। घाटों पर कचरा संग्रहण के लिए निगम द्वारा लीटर बिन लगाए गए हैं, ताकि श्रद्धालु कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और परिसर को स्वच्छ बनाए रखें। इधर, आगामी 12 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली 118 किलोमीटर लंबी पंचकोशी यात्रा को देखते हुए महापौर मुकेश टटवाल ने रविवार सुबह प्रस्तावित यात्रा मार्ग का अवलोकन किया। गुदरी चौराहा स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर में पूजन-अर्चन कर उन्होंने यात्रा मार्ग का निरीक्षण शुरू किया। यह मंदिर पंचक्रोशी यात्रा का प्रारंभिक स्थल माना जाता है, जहां श्रद्धालु भगवान की पूजा कर यात्रा पूर्ण करने का संकल्प लेते हैं। पूजन के बाद महापौर ने पंचक्रोशी यात्रा मार्ग के प्रमुख पड़ाव और उप-पड़ाव स्थलों पर पहुंचकर मंदिरों में दर्शन-पूजन किया और स्थानीय नागरिकों तथा पुजारियों से चर्चा कर आवश्यक सुझाव लिए। इस दौरान पिछले 51 वर्षों से निरंतर पंचकोशी यात्रा कर रहे अशोक मंडलोई के साथ पूरे यात्रा मार्ग का अवलोकन किया गया। महापौर ने बताया कि इस बार वे श्रद्धालुओं के साथ पैदल भजन-कीर्तन करते हुए पंचकोशी यात्रा में शामिल होने की योजना बना रहे हैं, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था और व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अनुभव किया जा सके। महापौर ने त्रिवेणी शनि मंदिर, करोहन पड़ाव, नलवा पड़ाव, बिलेश्वर महादेव मंदिर, पिंगलेश्वर होते हुए नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, प्रकाश शर्मा और कैलाश प्रजापत भी उपस्थित रहे।

**निगम आयुक्त ने की 25 सदस्यों की टीम नियुक्त**

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर इस कार्य के लिए 25 आईसीसी सदस्यों की टीम नियुक्त की गई है। यह टीम दो शिफ्टों में कार्य कर रही है। सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से रात 10 बजे तक सदस्य घाटों पर उपस्थित रहकर नागरिकों और दुकानदारों को जागरूक कर रहे हैं। दुकानदारों को पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने तथा मिट्टी के कुल्हड़, कांच के गिलास और पत्तों से बने दोने जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करने से बचें महिलाएं

**लायंस इंटरनेशनल के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम संपन्न**



**उज्जैन।** लायंस इंटरनेशनल 3233 जी-2 के तहत महिला सशक्तिकरण समन्वयक एमजेएफ लायन अनीता गौड़ के संयोजन में रविवार 5 अप्रैल को माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम राजबाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा, महिला अधिकारों और स्वावलंबन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीएसपी दीपिका शिंदे ने महिलाओं को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं सोशल मीडिया पर अपनी फोटो शेयर करने से बचें। सीएसपी शिंदे ने सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, लोकेशन शेयरिंग बंद रखें और साइबर बुलिंग, डीपफेक या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें। इस दौरान उन्होंने महिलाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। आयोजन में डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला लायन रेनू वशिष्ठ मुख्य अतिथि थीं। विशेष अतिथि के रूप में पीएमजेएफ लायन डॉ. सत्येंद्र कौर सलूजा और डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन अनिता मिश्रा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जसवीर कौर, शोभा यादव, रजनी उपाध्याय, सोनिया सहगल और दीपाली खंडेलवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शुरुआत कीर्ति जायसवाल द्वारा राष्ट्रगीत गायन से हुई। संचालन वैशाली शुक्ल ने किया एवं आभार प्रीति शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

## एक नजर में



### जिनालय में पक्षियों के लिए बांटे गए जल पात्र

**उज्जैन।** भीषण ग्रीष्मकाल को देखते हुए श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विनोद मिल में पक्षियों के लिए जल पात्रों का वितरण किया गया। जीव दया और अहिंसा के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जैन समाजजनों को सकोरे प्रदान किए गए। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश जैन कुंभराज ने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों को सुलभता से जल उपलब्ध हो सके, इसी उद्देश्य से सकोरे बांटे गए हैं। उन्होंने सभी समाजजनों से जीव दया और अहिंसा व्रत का पालन करते हुए अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए नियमित रूप से जल भरकर रखने का आव्हान किया। जल पात्र वितरण के इस अवसर पर समिति पदाधिकारी सुबोध जैन, सुरेंद्र जैन, प्रतीक चौधरी, अमित जैन, आशीष जैन और तरुण जैन सहित समाज के वरिष्ठ नेमीचंद जैन, विजय रावत एवं विजय पाटौदी उपस्थित थे।

### वेदों के संदेश और से ही बचेगी मानवता

**उज्जैन।** वर्तमान में जारी वैश्विक युद्ध की विभीषिका को समाप्त करने और विश्व शांति की कामना के साथ आर्य समाज उज्जैन में वैदिक विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य जनों ने महायज्ञ में आहुतियां देकर मानवता के कल्याण की प्रार्थना की। विद्वानों ने एक स्वर में कहा कि संसार में शांति और सद्भाव की स्थापना केवल वेदों के संदेशों को अपनाकर ही की जा सकती है। महायज्ञ के पश्चात अपने विचार व्यक्त करते हुए वैदिक विद्वान पं. राजेंद्र व्यास ने कहा कि संसार का उपकार करना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है। आज पूरा संसार युद्ध की आग में जल रहा है। ऐसे में सर्वे भवन्तु सुखिन के सिद्धांत पर चलते हुए विश्व में शांति, सौहार्द और मैत्री भाव के लिए वेदों के संदेश को आत्मसात करने की महती आवश्यकता है। डॉ. आनंद मोहन सक्सेना ने कहा कि आर्य समाज सदैव सबके सुख की कामना करता है। संपूर्ण विश्व में सद्भाव स्थापित करने के लिए आज वसुधैव कुटुंबकम और कृण्वंतो विश्वमार्यम का संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। वहीं वेद मंत्रों की व्याख्या करते हुए डॉ. प्रदीप चतुर्वेदी ने कहा कि विश्व शांति और मानवता का उद्धार श्रेष्ठ विचारों से ही संभव है। विश्व को वेदों और उपनिषदों के विचारों को अपनाना ही होगा। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में मदनलाल कुमावत ने ईश प्रार्थना का वाचन किया। इसके पश्चात डॉ. हंसा चतुर्वेदी और तनिष्क वाडिया ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में शांति गीत और शांति सूक्त के मंत्रों के साथ प्रार्थना सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन विष्णु शर्मा ने किया तथा आर्य समाज के प्रधान ललित नागर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किक बॉक्सिंग में माधुरी व्यास ने जीता कांस्य



**उज्जैन।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय और वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन की माधुरी व्यास ने कांस्य पदक जीतकर जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। 26 से 29 मार्च 2026 तक आयोजित इस राष्ट्रीय स्तरीय विमेंस लीग में पाटीदार नर्सिंग इंस्टीट्यूट की छात्रा माधुरी ने किकबॉक्सिंग के म्यूजिकल फॉर्म (सीनियर वर्ग) में यह सफलता हासिल की। माधुरी अस्मिता किकबॉक्सिंग लीग में म्यूजिकल फॉर्म की राष्ट्रीय स्पर्धा में मध्य प्रदेश के लिए मेडल जीतने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। पाटीदार नर्सिंग इंस्टीट्यूट के खेल विभाग के कोच अभिषेक मरमट ने बताया कि माधुरी ने इंदौर में आयोजित अस्मिता वेस्ट जोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इस नेशनल लीग के लिए क्वालीफाई किया था। नेशनल लीग में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 8000 रुपए की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। छात्रा की इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर पाटीदार नर्सिंग इंस्टीट्यूट के संचालक, प्राचार्य डॉ. नेहा टाइटस, वाइस प्रिंसिपल डॉ. विमलेश व्यास और समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### उर्वरक वितरण : 19 को कारण बताओ नोटिस

**उज्जैन।** 1 अप्रैल से आज तक कुल 5.60 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को ई विकास प्रणाली के माध्यम से किया गया हैं। शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2026 से समस्त अनुदानित उर्वरकों का शत प्रतिशत वितरण अनिवार्य रूप से ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही किया जाना हैं। इन स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जिले के 19 उर्वरक विक्रेताओं द्वारा परंपरागत विधि से उर्वरक वितरण किया गया जो कि शासन के नियमों का सीधा उल्लंघन हैं। उक्त अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग द्वारा कुल 19 उर्वरक विक्रेता जिसमें 12 निजी उर्वरक विक्रेता, 6 सहकारी समिति, 1 मार्केटिंग सोसाइटी खाचरौद को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए है। संबंधित उर्वरक विक्रेताओ से उक्त लापरवाही पर जवाब मांगा गया है। यदि प्राप्त जवाब संतोषजनक नहीं होता हैं तो संबंधितों के विरुद्ध उर्वरक गुण (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत लाइसेंस निलंबित, निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। जिले के समस्त किसान भाइयों से निवेदन है कि फार्मर आईडी बनवाए एवं अपने समस्त सर्वे नंबर फार्मर आईडी पर मैप करवाए जिससे उर्वरक आसानी से ई टोकन के माध्यम से प्राप्त हो सके। किसान ई टोकन स्वयं के मोबाईल अथवा उर्वरक विक्रेता से बनावा सकते हैं।

### होमगार्ड जवानों ने 3 लोगों को डूबने से बचाया

**उज्जैन।** गुजरात से आए श्रद्धालु जतिन उम्र 22 वर्ष जो गुरु नानक घाट में स्नान के दौरान गहराई का अंदाजा न होने कारण डूबने लगे। इन्हें डूबता देख उसके दो साथी भंवर सिंह उम्र 23 वर्ष एवं ऋषि उम्र 26 वर्ष उसे बचाने गए किन्तु वे भी डूबने लगे। शिप्रा नदी स्थित गुरुनानक घाट पर तैनात होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के सैनिकों द्वारा तत्काल बिना समय गवाएं यूनिफॉर्म पहने हुए ही नदी में छलांग लगा दी और तीनों को सुरक्षित नदी के गहरे पानी से बाहर निकाल लिया। तीनों सुरक्षित है। जीवन बचाने पर श्रद्धालुओं ने जवानों की प्रशंसा की और उनको धन्यवाद दिया। उक्त रेस्क्यू ऑपरेशन में होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के सैनिक माखन परमार, शुभम शर्मा, सनी परमार, राहुल मंगलेश्वरी और राहुल परिहार की मुख्य भूमिका रही।

# पुलिस लाइन में उद्यान निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**निगम अध्यक्ष कलावती यादव और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने किया पूजन**



**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 53 स्थित पुलिस लाइन में निगम अध्यक्ष मद की राशि रुपए लगभग 15 लाख की लागत से उद्यान निर्माण कार्य का भूमि पूजन रविवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, महामंत्री आनंद सिंह खींची, क्षेत्रीय पार्षद निर्मला करण परमार, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

वार्ड क्रमांक 53 स्थित पुलिस लाइन में निगम अध्यक्ष मद की राशि रुपए लगभग 15 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा पुलिस लाइन में निवासरत रहवासियों एवं बच्चों के खेलने एवं मनोरंजन के लिए उद्यान का निर्माण किया जाएगा। जिसमें खेल उपकरण, जिम उपकरण, पाथवे निर्माण, पौधारोपण, सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल का निर्माण, लाइटिंग वर्क इत्यादि सुविधा रहेगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. रवि सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि करण परमार, हितेश नागदेव, विजय चौधरी, मधुकर राव, विकास पोरवाल, पल्लव जोशी, विजय चंदना, राजकुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरु शरण पाराशर, रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह, डीएसपी मुख्यालय भरत सिंह यादव, सूबेदार स्वामी कांबले एवं पुलिस लाइन के रहवासी उपस्थित रहे।

## तनिष्का को 95 .75 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में तीसरा स्थान मिला

**उज्जैन।** शहर के ज्ञान सागर अकादमी की कक्षा 8वीं की छात्रा तनिष्का सिंह परमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 95.75 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। छात्रा के पिता भैरुसिंह परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बेटी की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे अपनी बालिका को प्रोत्साहित करेंगे ताकि वह प्रथम स्थान प्राप्त कर देश और समाज का नाम रोशन करे। तनिष्का की इस उपलब्धि पर अजाक्स के जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार के नेतृत्व में बालिका का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर करण परमार, आसाराम चौहान, रतन गोयल, अशोक चौहान उपस्थित थे।

## एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्त में आया युवक

**नीलगंगा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वजीर पार्क कॉलोनी में रहने वाले युवक को किया गिरफ्तार**

**उज्जैन।** पार्किंग क्षेत्र में खड़े युवक के पास मादक पदार्थ होने की जानकारी मिलती पुलिस ने उसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया तो एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। युवक से पूछताछ की जा रही है संभावना है कि मादक पदार्थ से जुड़े कुछ और साथियों की जानकारी सामने आ सकती है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया रविवार को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि वजीर पार्क कॉलोनी उज्जैन निवासी आमिर खान, वाकणकर ब्रिज के पास स्थित पार्किंग क्षेत्र में अवैध रूप से एमडी ड्रग्स लिये खड़ा है। पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताये स्थान वाकणकर ब्रिज के पास दबिश दी गई, जहां बताए गए हुलिये का व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम आमिर पिता शाहिद खान 27 वर्ष, निवासी वजीर पार्क कॉलोनी उज्जैन होना बताया। आरोपी की विधिवत तलाशी ली गई उसके पास से एक पारदर्शी प्लास्टिक की थैली में रखा भुरभुरा पदार्थ बरामद हुआ। जिसकी पहचान एमडी ड्रग्स के रूप में की गई। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल करने पर कुल वजन 15 ग्राम पाया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। बता दें कि इतनी चैकिंग और अभियानों के बाद भी मादक पदार्थों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस और आबकारी विभाग निरंतर तलाशी अभियान चलाकर तस्कारों को पकड़ रहा है फिर भी शहर में नशे के व्यापारी अपना कारोबार चला रहे हैं।

## आगर रोड पर ऑटो में मिली चालक की लाश

**परिजन ने लगाया हत्या का आरोप, मृतक के हाथ जले हुए थे, चिमनगंज पुलिस ने मामला जांच में लिया**

**उज्जैन। आगर रोड पर ऑटो में लाश मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची। पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। परिजन अस्पताल पहुंचे तो चालक के हाथ झुलसे हुए थे। परिवार ने हत्या का आरोप लगाया। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।**

चिमनगंज थाना पुलिस को शनिवार दोपहर आगर रोड शराब दुकान से कुछ दूरी पर एक ऑटो में लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी। पुलिस के पहुंचने पर सामने आया कि लाश चालक की ही है। उसकी पहचान करने पर मृतक राजेश पिता बालमुकुंद सिसौदिया निवासी राजीव गांधी नगर होना सामने आया। मामले की सूचना परिजनों को दी गई और शव अस्पताल पहुंचाया गया। परिजन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने राजेश का शव देखा तो उसके हाथ झुलसे हुए थे। मामला संदिग्ध होने पर परिवार ने हत्या का आरोप लगाया। लेकिन मृतक का पुत्र शहर से बाहर था जिसके आने पर ही पोस्टमार्टम कराने की बात कही गई। रविवार सुबह पुत्र के लौटने पर पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस के अनुसार मृतक तीन बच्चों का पिता था। परिवार द्वारा लगाए गए आरोप की जांच की जाएगी। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट से घटना का सच भी सामने आ जाएगा।

# उद्योगपुरी में मामूली विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या

**युवक को उसका साथी अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में भेजा**

**उज्जैन। मामूली विवाद में रविवार शाम युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, युवक को उसका साथी अस्पताल लेकर पहुंचा। चाकू मारने वाला हिस्ट्रीशीटर बदमाश होना सामने आया है जिसकी तलाश में पुलिस की एक टीम दबिश दे रही है।**

चिमनगंज थाना क्षेत्र की उद्योगपुरी में शाम 4 बजे के लगभग केवल पिता राजेंद्र श्रीवास्तव 35 साल निवासी ढांचा भवन की चाकू मार कर हत्या कर दी गई, केवल को उसका साथी अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में भेज दिया। हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची इस दौरान सामने आया कि चाकू मारने वाला शेखर उर्फ टुंडा है, जिसके खिलाफ 18 से 20 आपराधिक मामले दर्ज है। 2 दिन पहले केवल और शहर के बीच विवाद हुआ था किसी बात को लेकर चाकू मारा गया है। थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि आरोपी की पहचान होने पर उसकी तलाश में एक टीम रवाना की गई है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है मृतक का सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक भी आपराधिक प्रवृत्ति का था जिसके खिलाफ 10 से 11 मामले दर्ज है।

### रात 2 बजे लगी ई रिक्शा में आग

उज्जैन। घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा रात 2 बजे आग की लपटों से घिर गई। चालक बाहर आया तो उसे पड़ोसी जाता दिखाई दिया। चालक ने पड़ोसी पर आग लगाने की शंका जताई है। मामला पुलिस के पास पहुंचा। आगजनी की जांच शुरू की गई है। नागझिरी थाना क्षेत्र के मालनवासा में रहने वाला कमल पिता गिरधारीलाल रिक्शा चलाता है। कुछ माह पहले ही उसने रिक्शा खरीदी थी। रात 2 बजे वह मोबाइल पर फिल्म देख रहा था। तभी उसे खिड़की से आग की लपटें दिखाई दी। बाहर आने पर उसकी रिक्शा जल रही थी। उसने शोर मचाकर परिजनों को जगाया और आग पर काबू पाने के प्रयास किए। परिवार आग बुझा पाता उससे पहले रिक्शा काफी अधिक जल गई थी। इस बीच रिक्शा चालक कमल ने मौके से पड़ोस में रहने वाले सोनू राठौर को जाते देखा। उसने सोनू पर ही रिक्शा में आग लगाने की शंका जताई है। कमल का कहना था कि कुछ समय पहले सोनू से विवाद भी हुआ था। उसी रंजिश में उसने आगजनी को अंजाम दिया है। मामले में नागझिरी थाना पुलिस का कहना था कि रिक्शा में आग लगने की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पहुंचे थे। जांच शुरू की गई है। चालक द्वारा लगाए जा रहे आरोपों का भी पता लगाया जाएगा।

## आत्मरक्षा के गुर सीखेंगे बच्चे और महिलाएं, मई से शुरू होगा प्रशिक्षण शिविर

**लाठी खेल संघ की बैठक में लिया गया निर्णय, 13 स्थानों पर एक साथ होगा**

**उज्जैन।** परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने और आत्मरक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उज्जैन शहर में 1 मई से 31 मई 2026 तक ग्रीष्मकालीन लाठी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। परंपरागत लाठी खेल संघ, मध्यप्रदेश की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। इन शिविरों में बालक, बालिकाओं और गृहणियों को बांस की लाठी चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। संघ के संस्थापक अरविंद जोशी ने बताया कि संस्था वर्ष 2021 से विधिवत पंजीकृत है और स्कूली शिक्षा विभाग में भी दर्ज है। बैठक में यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि लाठी खेल को 11, 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग की प्रतियोगिताओं में शामिल किया जाए। इसके लिए जल्द ही मुख्यमंत्री को निवेदन भेजा जाएगा। संस्था के गोपाल माहेश्वरी एवं उपाध्यक्ष आनंद पंड्या शामिल हैं। संभागीय नव निर्वाचित कार्यकारिणी में अनिल धर्मे, अक्षता यादव, रीता नरवरिया, लीलाधर कहार तथा कोषाध्यक्ष रेखा चंदेल शामिल हैं। अध्यक्ष अभिलाष जैन, करुणा शितोले, मोना सिंधे, पवन पवार, नीता रायकवार, सदस्य पूजा चौहान एवं दीक्षा नरवरिया शामिल हैं। संस्था को इन आयोजनों के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेंद्र व्यास का मार्गदर्शन भी प्राप्त हो रहा है।

**इन 13 स्थानों पर लगेंगे शिविर**

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। इनमें गऊ घाट, वसंत विहार, गुरु अखाड़ा, लालपुर गर्ल्स स्कूल, नगरकोट माता मंदिर के पास, केदारेश्वर महादेव मंदिर (सेठी नगर), पटेल नगर, नया पुरा, इंद्रा नगर, नगर गणेश अखाड़ा, महानंदा नगर, पीपली नाका और ऋषि नगर शामिल हैं।

## बनारस के विक्रमोत्सव में गूंजा उज्जैन का डमरू, भस्मरमैया भक्त मंडल ने दी प्रस्तुति

**उज्जैन।** महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा बनारस के बीएलडब्ल्यू ग्राउंड में आयोजित विक्रमोत्सव में उज्जैन के श्री भस्मरमैया भक्त मंडल ने डमरू वादन की भव्य प्रस्तुति दी।

तीन से पांच अप्रैल तक चले इस आयोजन में मंडल के 50 कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन तीन अप्रैल को शुभारंभ अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस आयोजन के तहत बनारस में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन भी किया गया। मंडल के संस्थापक प्रवीण मादुस्कर के निर्देशन में कलाकारों ने प्रतिदिन कायक्र म आरंभ होने से पहले लोककला यात्रा में भी प्रस्तुति दी। डमरू वादन को वहां उपस्थित विशाल जनसमूह ने खूब सराहा।

## माधव क्लब में हुई वार्षिक आमसभा

**महंत चूड़ामणि की अध्यक्षता में मानव कल्याण और संगठन विस्तार पर हुआ मंथन, पदाधिकारी भी आए**

**उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की वार्षिक आमसभा रविवार 5 अप्रैल को माधव क्लब में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक महंत चूड़ामणि ने की। इस दौरान संगठन के विस्तार और समाज में मानव कल्याण के कार्यों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।**

आमसभा में तय किया गया कि आगामी समय में सद्गुरु कबीर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नियमित रूप से जगह-जगह विचार संगोष्ठी एवं संत समागम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित अतिथियों ने मानव कल्याण के क्षेत्र में महासंघ की कार्यप्रणाली को लेकर अपने-अपने विचार रखे। बैठक में राधाकिशन देवास, डॉ. धर्मवीर भास्कर पटना, कालूराम बामनिया, डॉ. तारासिंह डोडवे, महंत मायादेवी उज्जैन, लक्ष्मी भारती, सुमन अंजना उज्जैन, गुजरात से मुन्नी बाई और प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र गंगोलिया उज्जैन शामिल हुए। साथ ही शमशेर सिंह हिसार, योगेन्द्र योगी हिसार, देवेन्द्र साहू, ओनिल साहू, झाबुआ जिलाध्यक्ष राजेंद्र डामोर और जिला महासचिव मुकेश निनामा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कर आभार प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय ने माना।

**वीआईपी पहुंचे... नंदीहाल में बैठकर प्रार्थना की, पुजारियों ने संपन्न कराया पूजन**

# प्रवीण तोगड़िया और सुपर-30 के आनंद ने किए दर्शन



**उज्जैन।** विश्व प्रसद्धि महाकाल में प्रतिदिन दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहता है। वैसे भी शनिवार और रविवार को महाकाल में श्रद्धालुओं की भीड़ काफी रहती है। इसके साथ ही नेता और अभिनेताओं का निरंतर आना जारी है। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया व प्रसिद्ध गणितज्ञ और सुपर-30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार ने रविवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए।

तोगड़िया ने नंदी जी के पास बैठकर भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन किया। पूजा पुजारी आकाश शर्मा, यश गुरु ने संपन्न कराई। मंदिर समिति ने दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। आनंद कुमार ने दर्शन कर मीडिया से कहा कि यहां की व्यवस्था वर्तमान में अच्छी है और उम्मीद जताई कि भविष्य में और बेहतर होंगी, जिससे श्रद्धालुओं को लाभ मिल सकेगा। भगवान महाकाल के दरबार में आकर हर व्यक्ति को ऊर्जा मिलती है।

### अभिनेत्री मनीषा ने किए महाकाल के दर्शन

मुंबई की उभरती हुई अभिनेत्री मनीषा कुमारी ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। इस खास मौके पर उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट की सफलता के लिए विशेष प्रार्थना की और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रांगण में विशेष पूजन पुजारी राघव गुरु जी द्वारा संपन्न कराया गया। ज्ञात हो कि मनीषा कुमारी जल्द ही अपने नए प्रोजेक्ट के साथ दर्शकों के बीच नजर आने वाली हैं। जिसके लिए उन्होंने महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाई। सफलता के साथ आध्यात्मिकता को जीवन का अहम हिस्सा मानने के उनके इस कदम की फैंस भी काफी सराहना कर रहे हैं।